Co-curricular activities

1) आजादीकेअमृतमहोत्सव

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवायोजना के अन्तर्गत संचालित उदयनाथ इकाई के तत्वाधान में सम्बन्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में तीसरे दिन "मेरी माटी मेरा देश" विषय पर मिट्टी को नमन और वीरो को वंदन गायन प्रस्तुत किया गया। इस मौके ऐतिहासिकस्थल **चौरी चौरा और प्रौण मंदिर** से मिट्टी लेकर अमृतसरोवर कलश में स्थापित किया गया। कार्यक्रम में बीएससी वएमएससी बायोटेक्नोलॉजी, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी एवं मेडिकलबायोकेमिस्ट्री विभाग केछात्रों ने सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉसुनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। यह अयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजयपांडेय की देख रेख में संपन्न कराई गई.

"मेरी माटी, मेरा देश"
गायन प्रस्तुति

2) एड्सदिवस

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में एड्स दिवस कार्यक्रम संयोजित किया गया। विषय वक्ता के रूप में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के सहायक आचार्य डॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा की एड्स के प्रति सजग रहे, रोगी को धिक्कार नही प्यार दे, जिससे पीड़ित व्यक्ति को जीने का अधिकार मिल सके और समाज उसे स्वीकार कर सके। एचआईवी जानलेवा इन्फेक्शन से होने वाली गंभीर बीमारी है। इन्फेक्शन से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है जिससे व्यक्ति सामान्य बीमारियों से लड़ने में सक्षम नहीं हो पाता। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम "लेट्स कम्यूनिटी लीड "है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के उदय नाथ इकाई के कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पांडेय ने छात्रों को जागरूक करते हुए कहा की एड्स पीड़ित व्यक्ति और परिवार के प्रति समाज का दायित्व है कि सकारात्मक सोच से उसे जीने के लिए प्रेरित करे साथ ही समाज में जानकारी के अभाव में हो रहे एड्स के प्रवाह के प्रति अकादमिक स्तर पर भी बात चीत का मंथन होना चाहिए।

संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के छात्र नीरज पासवान ने कहा कि एड्स विषय पर हमे अपने विचार और भाव को बदलना चाहिए, जिससे समाज में फैली भ्रांति के प्रति सहज होकर एड्स पीड़ित के प्रति सकारात्मक दृष्टि रखे। साथ माइक्रोबायोलॉजी की छात्रा निधि गुप्ता ने कहा कि एड्स से2020के आंकड़े का उल्लेख करते हुए कहा कि37.7मिलियन लोग एड्स के साथ जी रहे है उनके प्रति समाज का दायित्व है कि उन्हें स्कारात्मक दृष्टि भाव व्यवहार रखे। बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा सौम्या सिंह ने एड्स के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित करते हुए इसके बचाव और प्रसार के प्रति छात्र/ छात्रावो को जागरूक किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रेया सिंह, नंदनी मोदनवाल, अनमोल पांडेय, अमित पाठक ने अपने विचार रखा। शिवानी यादव, स्वेता गिरी, सलोनी गुप्ता, अर्चिता गुप्ता, आदित्य विश्वकर्मा, दुर्गेश नंदिनी साहनी, खुशी मदेशिया, रूबी, प्रिया तिवारी ने सभी को जागरूक किया। आयोजन में प्रमुख रूप से संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो(डॉ.) सुनील सिंह, डॉ.अनुपमा ओझा, डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ.पवन कनौजिया, डॉ अखिलेश दूबे श्री अनील मिश्रा उपस्थिति रहे।



3) सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता

राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सड़क सुरक्षा क्लब और मतदान जागरूकता के तत्वाधान में भाषण, पोस्टर, निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ और अभियान के प्रतियोगिता श्रृंखला में दिनांक22नवंबर2023को गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में विद्यार्थियों हेतु भाषण, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी एवम निबंध,प्रतियोगिता आयुर्वेद कॉलेज में संयोजित किया गया

सड़क सुरक्षा एक आंदोलन युवाओं की भूमिका, सड़क सुरक्षा नियमो का अनुपालन व्यवहारिक चुनौतियां, आधुनिक भारत में सड़क सुरक्षा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य और पोस्टर सड़क सुरक्षा से संबंधित विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के भाषण प्रतियोगिता श्रृंखला में .. छात्र छात्रों ने प्रतिभाग किया भाषण प्रतियोगिता के विषय लोकतंत्र में युवाओं का योगदान जिसमे निर्याणक मंडल के भूमिका में रोड सेफ्टी कल के नोडल अधिकारी श्री धनंजय पांडेय और मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी डॉ संदीप श्रीवास्तव और शिक्षक श्री अनिल मिश्रा, आमित दुबे आशुतोष श्रीवास्तव महत्वपूर्ण भूमिका निभाई